हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार 28 अप्रैल 2026


तापमान

अधिकतम 44 .4 डिग्री

न्यूनतम 20 .3 डिग्री


12 कांग्रेस ने सजायाफ्ता को दी टिकट, जांच में नामांकन ..





12 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में छात्रा मीनाक्षी को ...




## खबर संक्षेप

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी, युवक रूस में बंधक

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर एक युवक से चार लाख रुपये से अधिक ठगने और उसे रूस में बंधक बनाकर प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। कैथल निवासी पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने पहले यूके और फिर जर्मनी भेजने का झांसा दिया, लेकिन बाद में रूस भेज दिया। वहां न नौकरी मिली और न रहने की व्यवस्था। आरोप है कि उसे एक व्यक्ति के पास बंधक बनाकर मारपीट की गई और पैसे भी छीन लिए गए। किसी तरह भागकर भारत लौटे पीड़ित ने शिकायत दी, जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक पर चाकू, गंडासी और तलवार से हमला

**यमुनानगर।** यमुनानगर के गांव मानकपुर वन में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर चाकू, तलवार और गंडासी से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल महबूब को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। पीड़ित के भाई इसरार की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए असलम, जावेद समेत छह आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले कहासुनी के बाद आरोपी रंजिश रखने लगे थे। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए, पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

### किशोरी लापता, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**यमुनानगर।** शहर के रामपुरा क्षेत्र में एक 15 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश निवासी हरीश कुमार ने बताया कि वह परिवार के साथ शांति कॉलोनी, चिट्टा मंदिर रोड यमुनानगर में किराये पर रहते हैं। 25 अप्रैल करीब सात बजे वह अपनी पत्नी के साथ डॉक्टर के पास दवाई लेने गए था। जब वह वापस घर लौटे तो उसकी 15 वर्षीय बड़ी बेटी अंजली घर पर नहीं मिली। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी तलाश की लेकिन किशोरी का कोई सुराग नहीं लग सका। उसने बताया कि उसकी अंजली पहले भी बिना बताए घर से चली गई थी। लेकिन बाद में वापस आ गई थी। पुलिस चौकी रामपुरा के एएसआई तेजबीर सिंह के अनुसार शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

### बाइक सवार ने झपटकर पर्स छीना, केस दर्ज

**यमुनानगर।** सहारनपुर रोड स्थित नहर पुल पर बाइक सवार युवक ने झपट्टा मारकर एक व्यक्ति का पर्स छीन लिया और फरार हो गया। गांव टीन का माजरा निवासी जागीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 26 अप्रैल शाम करीब चार बजे वह किसी काम से शहर आया था। नहर पुल के पास एक युवक ने उसकी जेब से पर्स छीन लिया। शोर मचाने पर लोगों ने पीछा किया, लेकिन आरोपी भाग निकला। पर्स में पांच हजार रुपये व जरूरी दस्तावेज थे। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लाडवा फायरिंग मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** लाडवा में घर पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान विशाल कुमार यादव उर्फ बीडी निवासी दप्पर (मोहाली) और अरुणवीर सिंह उर्फ अन्नु निवासी टिवाना (लालडू, पंजाब) के रूप में हुई है। 15 अप्रैल की रात अज्ञात हमलावरों ने एक मकान के गेट पर फायरिंग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीमें गठित कर जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने वारदात के लिए मोटरसाइकिल और हथियार उपलब्ध करवाए थे। दोनों को अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है।

---

सीलबंद उत्पादों के सैंपल फेल होने पर दुकानदारों को जिम्मेदार ठहराने का विरोध

# करनाल में बीज व्यापारियों की हड़ताल से बाजार ठप

- खाद, बीज व कीटनाशक विक्रेताओं ने सरकार के खिलाफ जताया विरोध
- यूरिया, डीएपी सहित उर्वरकों पर कमीशन बढ़ाने व जबरन उत्पाद थोपने पर नाराजगी
- मांगें पूरी न होने पर व्यापारियों ने दी अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज़ ▸▸ करनाल

खाद, बीज और कीटनाशक विक्रेताओं ने सोमवार को एक दिन की सांकेतिक हड़ताल कर सरकार के खिलाफ विरोध जताया। करनाल जिले में हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला और शहर की बीज मार्केट पूरी तरह बंद रही। दुकानदारों ने जिला करनाल फर्टिलाइजर, पेस्टीसाइड्स एवं सीड ट्रेडर्स एसोसिएशन के बैनर तले प्रदर्शन कर अपनी मांगें उठाईं। एसोसिएशन के प्रधान रामकुमार गुप्ता ने कहा कि सीलबंद उत्पाद कंपनियों से जैसे आते हैं, वैसे ही दुकानदार उन्हें बेचते हैं। इसके बावजूद यदि सैंपल जांच में उत्पाद फेल होता है तो दुकानदारों को जिम्मेदार ठहराया जाता है, जो सरासर गलत है।



**रोहतक।** बीज व्यापारी हड़ताल कर विरोध जताते हुए। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने स्पष्ट किया कि हड़ताल के दौरान किसी भी प्रकार की खाद, बीज या कीटनाशक की बिक्री नहीं की गई। पूर्व प्रधान राधेश्याम राणा ने बताया कि यूरिया और डीएपी जैसे अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर-जरूरी उत्पाद जबरन थोपे जा रहे हैं। पिछले चार-पांच वर्षों से यह समस्या लगातार बढ़ रही है, जिससे दुकानदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। व्यवस्था को तुरंत समाप्त करने की मांग की।व्यापारियों ने यूरिया, डीएपी, एमओपी और एनपीके उर्वरकों पर मिलने वाले कमीशन (मार्जिन) में बढ़ोतरी की मांग भी उठाई। साथ ही उर्वरकों की सीधे दुकानों तक आपूर्ति सुनिश्चित करने की बात कही, ताकि परिवहन का अतिरिक्त बोझ कम हो सके। एसोसिएशन ने कीटनाशक अधिनियम और बीज विधेयक के तहत सीलबंद उत्पाद बेचने वाले विक्रेताओं को राहत देने की मांग करते हुए कहा कि सैंपल फेल होने की जिम्मेदारी निर्माता कंपनियों की तय की जानी चाहिए। 'साथी पोर्टल' को लेकर भी व्यापारियों ने नाराजगी जताई और इसकी अनिवार्यता केवल निर्माता कंपनियों तक सीमित करने की मांग की।व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल करने को मजबूर होंगे। इस मौके पर गोपीचंद आर्य, पवन अग्रवाल, पवित्र सिंह, राजिंदर गर्ग, शिव कुमार और सुशील गर्ग सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

---

# यमुनानगर: ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई, तीन के चालान

- वाहनों पर लाखों रुपये का जुर्माना लगाकर चालान किए
- अवैध खनन रोकने के लिए नाकों पर 24 घंटे जांच और मोबाइल टीमें सक्रिय

हरिभूमि न्यूज़ ▸▸ यमुनानगर





**यमुनानगर।** खनन सामग्री से भरे ओवरलोडिड वाहन। फोटो : हरिभूमि

जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा अवैध खनन व ओवर लोडिड वाहनों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में खनन विभाग द्वारा खनन सामग्री से भरे ओवर लोडिड वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान खनन सामग्री से भरे तीन ओवरलोडिड वाहनों के चालान किए गए। जिला खनन अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि ओवरलोड तीन वाहनों के चालान किए गए हैं। जिन पर लाखों रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार व्यासपुर में एक ओवरलोड वाहन का चालान कर जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि अवैध खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए सभी नाकों पर चौबीसों घंटे वाहनों की नियमित जांच की जा रही है। साथ ही खनन सामग्री ले जाने वाले वाहनों और अवैध खनन की आशंका वाले क्षेत्रों का निरीक्षण करने के लिए मोबाइल टीमें दिन रात गश्त कर रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन उपायुक्त प्रीति के मार्गदर्शन में अवैध खनन रोकने के लिए निरंतर प्रयासरत एवं प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यदि खनन गतिविधियों को निर्धारित मानदंडों के अनुरूप क्रियान्वयित नहीं किया जाता है तो इस प्रकार की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। प्रशासन अवैध खनन को रोकने में पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है।

---

# केयू प्लेसमेंट ड्राइव में एमबीए के 27 छात्रों का 5 लाख पैकेज पर चयन

हरिभूमि न्यूज़ ▸▸ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के के प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षुता तथा रोजगार केंद्र द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में एमबीए के 27 विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित कंपनी इंडिया ट्रैनर्स में 5,00,000 रुपये के वार्षिक पैकेज पर हुआ है। यह विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव प्रो वीरेंद्र पाल, डीन ऐकडेमिक अफेयर्स प्रो राकेश कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। इसकी जानकारी देते हुए केयूसीटीआईई के कोऑर्डिनेटर डॉ. मोहिंदर सिंह ने बताया कि कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी अनिल कुमार और अजय कुमार ने विश्वविद्यालय में आकर विद्यार्थियों को कंपनी के बारे में जानकारी दी तथा कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से विद्यार्थियों का चयन किया । चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा, समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के विभिन्न चरण शामिल थे, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। चयनित विद्यार्थियों में गुरलीन कौर, हर्ष, जतिन, कमलजीत, खुशास, मुकुल आजाद, नितिन, पूजा पूनिया, प्रिया पुनिया, अभिनव, अनिल जांगड़ा, दीपक, दीपांशु यादव, दिपांशु, पुष्कर शर्मा, रिंकू, संजीत, श्रुति शर्मा, सिमरन दहिया, पूजा , वंश गाबा, तीर्थंकर, अभि बंसल, सचिन वर्मा, शिवम, कुशी और निखिल शामिल हैं। इस अवसर पर केयूसीटीआईई के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. जसविंदर कुमार, यूएसएम के विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल मित्तल तथा आईएमएस के डायरेक्टर प्रो. सिद्धार्थ भारद्वाज ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

---

करनाल का सूरज हत्याकांड

# आरोपी का एनकाउंटर पैर में लगी गोली

- आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, इलाके में मची हलचल
- मलखान नंबरदार ने समर्पण के बाद एनकाउंटर पर उठाए सवाल
- गांव गौंदर में तनाव, एससी समाज के लोग आंबेडकर चौक पर हुए एकत्रित

हरिभूमि न्यूज़ ▸▸ करनाल

गांव गौंदर में हुए बहुचर्चित सूरज हत्याकांड में तीसरे आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गोली लगने का मामला सामने आया है। सीआईए-2 की टीम के साथ हुई मुठभेड़ में आरोपी गोविंद की टांग में गोली लगी, जिसके बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना घरौंडा क्षेत्र के फुरलक ऊपली रोड की बताई जा रही है। घटना के बाद भारी पुलिस बल अस्पताल पहुंच गया और शहर में मुठभेड़ की खबर फैलते ही लोगों में हलचल मच गई। एफएसएल टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। मामले ने उस समय नया मोड़ ले लिया जब घरौंडा के मलखान नंबरदार ने दावा किया कि उसने 26 अप्रैल को दोपहर करीब 12 बजे आरोपी गोविंद का मधुबन थाने में समर्पण करवाया था। उन्होंने कहा कि सीआईए-2 के इंचार्ज ने भरोसा दिया था कि आरोपी को सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा, लेकिन बाद में जानकारी मिली कि उसे कहीं और ले जाया गया। मलखान नंबरदार ने कहा कि सजा देने का अधिकार कोर्ट का होता है और इस पूरे घटनाक्रम को लेकर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने एसपी पर भी गंभीर आरोप लगाए और उनके रवैये को एससी समाज के प्रति पक्षपातपूर्ण बताया। मुठभेड़ की सूचना के बाद एससी समाज के लोग अंबेडकर चौक पर एकत्रित हो गए। हालांकि समाज के लोगों ने शांति बनाए रखने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि सूरज हत्याकांड के सभी आरोपी अब पुलिस गिरफ्त में बताए जा रहे हैं, लेकिन गांव गौंदर में अभी भी तनाव की स्थिति बनी हुई है।

### शादी में डीजे बजाने को लेकर हुआ झगड़ा

**यमुनानगर।** शहर की न्यू नानक नगर कॉलोनी में कॉलोनी के ही एक परिवार के आधा दर्जन लोगों पर शादी में डीजे बजाने को लेकर लड़ाई झगड़ा करने तथा लड़के की शादी वाले दिन दुल्हन की कार को रास्ता न देने व मारपीट करने का आरोप लगा है।

> शादी वाले दिन दुल्हन की कार को रास्ता न देने तथा मारपीट करने का आरोप

पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी परिवार के आधा दर्जन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार न्यू नानक नगर निवासी सुरेश कुमार ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 19 अप्रैल को उसके बेटे करण की शादी थी। शादी वाले दिन डीजे का प्रोग्राम रखा गया था। इस दौरान उनके कॉलोनी के ही प्रभजोत, छोटू, अर्चना, मनी, नरेश, शोभा व रूप लाल ने डीजे बजाने को लेकर उनके साथ लड़ाई झगड़ा किया। समझाने के बाद मामला शांत हो गया। सुरेश कुमार ने बताया कि अगले दिन जब उसका बेटा शादी के बाद दुल्हन को कार में लेकर घर आ रहा था तो आरोपियों ने दुल्हन की कार को रास्ता नहीं दिया। जब विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की।

---

# कुरुक्षेत्र में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**कुरुक्षेत्र।** रतगल गांव में युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। घटना के वक्त घर पर कोई नहीं था। पड़ोसी ने उसे फंदे पर लटका देखा, तो उसके भाई को सूचना दी। सूचना पाकर छोटा भाई घर आया और पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। मृतक की पहचान 28 वर्षीय नंद किशोर हाल निवासी रतगल गांव के रूप में हुई। नंद किशोर रंग-पुताई करने का काम करता था। नंद किशोर के पिता की करीब 3 साल पहले मौत हो गई थी। परिवार में उसका छोटा भाई गुलशन और मां सुनीता है, जबकि बहन रितु और संगीता की शादी हो चुकी है। गुलशन ने बताया कि घटना के समय मेरा भाई घर पर अकेला था। मैं और मेरी मां सुनीता अपने-अपने काम पर गए थे। इस दौरान पड़ोसी ने फोन कर सूचना दी, कि उसके भाई ने घर में फांसी लगा ली है। सूचना पर घर पहुंचा और पुलिस को बुलाया।

# नौकरी के नाम पर युवक से हड़पे 3.60 लाख रुपये

**यमुनानगर।** रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये ठगने का मामला सामने आया है। थाना फर्कपुर पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी विषु मोहन ने पुलिस अधीक्षक यमुनानगर को दी शिकायत में बताया कि उसकी मुलाकात जगाधरी में राजकुमार नामक व्यक्ति से हुई थी। उस समय वह मुथूट होम लोन कंपनी में कार्यरत था। आरोपी ने खुद को रेलवे विभाग में कार्यरत बताते हुए उसे नौकरी लगवाने का भरोसा दिया। पीड़ित के अनुसार आरोपी ने उसे कई बार जगाधरी रेलवे स्टेशन पर बुलाकर अलग-अलग समय पर कुल तीन लाख 60 हजार रुपये नकद लिए। इतना ही नहीं, आरोपी ने उससे एक मोबाइल फोन भी उपहार में ले लिया। जिसका बिल उसके नाम पर है। पीड़ति का आरोप है कि रकम लेने के बाद आरोपी न तो नौकरी लगवा पाया और न ही पैसे वापस कर रहा है। बार-बार संपर्क करने पर वह टालमटोल करता रहा और अब फोन उठाना भी बंद कर दिया है।

### प्रेम विवाह से नाराज परिजनों का हमला

**बराड़ा।** क्षेत्र में प्रेम विवाह से नाराज परिजनों द्वारा घर में घुसकर मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। रेलवे कॉलोनी निवासी चौधरी सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके बेटे के प्रेम विवाह से युवती के परिजन नाराज थे। आरोप है कि 26 अप्रैल की रात करीब 1:30 बजे आरोपी घर में घुसे और गेट तोड़कर डंडों व पत्थरों से हमला किया। इस दौरान परिवार के सदस्यों को चोटें आईं और जातिसूचक शब्दों के साथ धमकी दी गई। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दिनदहाड़े बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद

- ग्राहक को सामान देने में व्यस्त था पीड़ित, आरोपी ने मौके का उठाया फायदा
- पुलिस ने फुटेज कब्जे में लेकर आरोपी की तलाश शुरू की

हरिभूमि न्यूज़ ▸▸ शहजादपुर



शहजादपुर के मुख्य बाजार में दिनदहाड़े एक दुकानदार की मोटरसाइकिल चोरी हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना रविवार सुबह करीब 11:20 बजे की है, जब दुकानदार अमित अपनी दुकान पर ग्राहकों को सामान देने में व्यस्त थे और उनकी बाइक दुकान के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान एक शातिर युवक मौके का फायदा उठाकर बाइक स्टार्ट कर ले गया। अमित ने शोर मचाकर पीछा भी किया, लेकिन आरोपी बाजार की संकरी गलियों से फरार हो गया। पूरी वारदात पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें आरोपी को बाइक ले जाते हुए साफ देखा जा सकता है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं। दिनदहाड़े हुई इस घटना से व्यापारियों में दहशत का माहौल है गश्त बढ़ाने की मांग की है।

---

### दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कठोर कैद

**पानीपत।** असिस्टेंट सेशन जज-कम-फास्ट ट्रैक कोर्ट (पॉक्सो एक्ट) पीयूष शर्मा ने किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपी विशाल पुत्र राजकुमार निवासी गांव उझा जिला पानीपत को दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा दी। वहीं, जज शर्मा ने दोषी विशाल पर 55 हजार रुपये का जुर्माने भी किया। जुर्माना नहीं भरने पर विशाल को दो साल का अतिरिक्त कारवास भोगना होगा। स्मरणीय है कि 17 जून, सन् 2023 को थाना चांदनी बाग पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर विशाल पर उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में पॉक्सो एक्ट समेत अन्य आरोपों में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया था। वहीं अदालत ने विशाल को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था।

26 जून तक भर सकेंगे फॉर्म, बाहरवीं में 50% अंक जरूरी, मेरिट के आधार पर मिलेगा दाखिला

## प्रदेश में शिक्षक बनने का सपना देख रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर

# प्रदेश में डीएलएड कोर्स के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू, 4 मई से ऑनलाइन आवेदन

- सामान्य वर्ग के लिए 500 व आरक्षित वर्ग के लिए 275 रुपये फीस निर्धारित
- एक जुलाई से शुरू होंगी डीएलएड प्रथम वर्ष की नियमित कक्षाएं
- आवेदन करते समय कम से कम पांच संस्थानों का चयन अवश्य करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

प्रदेश में शिक्षक बनने का सपना देख रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। राज्य में डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन कोर्स के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इसके तहत 4 मई से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी जो 26 जून तक जारी रहेगी। विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते है। इस बार एडमिशन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी गई है जिसमें रजिस्ट्रेशन और काउंसलिंग फीस सामान्य वर्ग के लिए पांच सौ रुपये तथा एससी, बीसी, ईडब्ल्यूएस और दिव्यांग वर्ग के लिए 275 दो सौ पचहत्तर रुपये निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे आवेदन करते समय कम से कम पांच संस्थानों का चयन अवश्य करें ताकि काउंसलिंग के दौरान अधिक विकल्प मिल सकें।

### आरक्षण व्यवस्था लागू

सरकार के नियमों के अनुसार एससी, बीसी, ईडब्ल्यूएस और दिव्यांग वर्ग के लिए आरक्षण लागू रहेगा। इसके अलावा 15 प्रतिशत सीटें हरियाणा से बाहर के अभ्यर्थियों के लिए भी निर्धारित की गई है। एडमिशन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए काउंसलिंग तीन चरणों में करवाई जाएगी। पहले चरण की सूची 13 मई को जारी होगी जबकि दूसरे और तीसरे चरण में भी विकल्प बदलने और सीट आवंटन का मौका मिलेगा।

### एक जुलाई से शुरू होंगी कक्षाएं

शेड्यूल के अनुसार डीएल एड प्रथम वर्ष की नियमित कक्षाएं एक जुलाई से शुरू होंगी। विभाग ने सभी अभ्यर्थियों को निर्देश दिए है कि वे आवेदन करते समय सभी जानकारी सही भरें क्योंकि बाद में बदलाव का मौका नहीं मिलेगा।

### योग्यता और जरूरी शर्तें

डीएलएड कोर्स में प्रवेश के लिए उम्मीदवार का सीनियर सेकेंडरी में कम से कम 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को 5 प्रतिशत की छूट दी गई है। साथ ही हिंदी या संस्कृत विषय के साथ मैट्रिक पास होना भी जरूरी है। उर्दू माध्यम के कोर्स के लिए 10वीं में उर्दू विषय होना अनिवार्य रखा गया है। इस कोर्स में दाखिला पूरी तरह सीनियर सेकेंडरी में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार मेरिट सूची से किया जाएगा। सीटों का वितरण आर्ट्स, साइंस, कॉमर्स और वोकेशनल स्ट्रीम के अनुसार किया गया है जिसमें आर्ट्स को सबसे अधिक 40 प्रतिशत सीटें दी गई है।

### 580 ग्राम अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-1 की टीम ने मादक पदार्थ तस्करी के एक बड़े मामले में सफलता हासिल की है। पुलिस ने हिसार बाईपास, सद्धोपुर पुल के पास से एक तस्कर को 580 ग्राम अफीम सहित रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सीआईए-1 की टीम जब गश्त पर थी, तब उन्हें गुप्त सूचना मिली कि सद्धोपुर पुल के पास एक व्यक्ति भारी मात्रा में नशीले पदार्थ के साथ किसी ग्राहक का इंतज़ार कर रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को काबू किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 580 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी की पहचान यूपी के केदार के रूप में हुई है। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी एक अंतरराज्यीय तस्कर है। उस पर कई प्रदेशों में केस दर्ज होने की संभावना जताई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### नागरिकों की समस्याओं का करें उचित निपटारा

**लाडवा।** एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त हर शिकायत का सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ समयबद्ध उचित निपटारा करें ताकि नागरिकों को राहत मिल सके। किसी भी व्यक्ति को अलग अलग जगह चक्कर ना काटने पड़ें। एसडीएम अनुभव मेहता ने सोमवार को उपमंडल कार्यालय लाडवा में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि हर सोमवार व वीरवार को उपमंडल मुख्यालयों पर आयोजित किये जा रहे समाधान शिविरों में प्राप्त सभी शिकायतों का निर्धारित अवधि में उचित निपटारा करवाना सुनिश्चित किया जाए।

### केयूके स्पार्टन ने 5 विकेट से जीता मैच

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विवि के केयू सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के मैदान में रविवार को केयू गैर-शिक्षक कर्मचारी के 5वें टी-20 प्रतियोगिता अनौपचारिक मैचों केयूके स्पार्टन टीम ने शिव योद्धा टीम को हरा दिया। शिव योद्धा टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 126 रन बनाए जिसमें ओपनर बल्लेबाज रवि चौहान ने 40 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केयूके स्पार्टन टीम के शिव शर्मा ने 23 गेंदों में 3 चौके व 1 छक्का लगाकर 28 रन तथा दीपक नेगी ने 13 गेंदों में 4 चौके लगाकर 24 रनों की नाबाद पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई।

### चार दिन चलेगा भगवान पक्षीराज प्रकटोत्सव

**पिहोवा।** मॉडल टाउन स्थित श्री दक्षिणा काली पीठ मंदिर परिसर में पीठाधीश्वर श्रीमहंत बंसी पुरी महाराज के सानिध्य में चार दिनों तक चलने वाला भगवान पक्षीराज प्रकटोत्सव एवं स्थापना दिवस महोत्सव गणेश पूजन, पंच पूजा, कलश पूजा, पक्षीराज का अभिषेक एवं पूजा पाठ, जपानुष्ठान एवं हवन यज्ञ से आरंभ हुआ। जिसमें महामंडलेश्वर सुश्री स्वामी विद्या गिरी, पीठ के व्यवस्थापक स्वामी खटवांग पुरी, गोविंदानंद आश्रम की महंत सर्वेश्वरी गिरी राधे, स्वामी महेश पुरी, महंत लक्ष्मी नारायण पुरी, स्वामी रंगनाथ पुरी, महंत जगन्नाथ पुरी, स्वामी आशुतोष पुरी, बलवान शर्मा,आशीष चोपड़ा, जसविंदर कौर, पुनीत गोयल, विपुल गोयल, अशोक गर्ग, इकबाल सिंह, पंडित राधे, विपिन काहड़ा, राजेश गोयल शामिल हुए।

### नगर निगम ने जारी किया टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 7082410824

# घर के सामने पड़ा है कचरा, नो टेंशन, बस फोन घुमाओ और समस्या होगी छूमंतर

■ हर कार्य दिवस पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक दर्ज करवा सकेंगे शिकायत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

शहर में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम लगातार प्रयासरत है। निगम द्वारा आम जन की सुविधा के लिए टोल फ्री नंबर 7082410824 जारी किया गया है। निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि क्षेत्र में सफाई, कचरा उठान, स्ट्रीट लाइट, स्ट्रीट डॉग, बेसहारा पशुओं समेत विभिन्न समस्याओं के त्वरित समाधान किए जाएंगे।

अब शहरवासी हर कार्य दिवस पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक इस नंबर पर संपर्क कर अपनी समस्याएं दर्ज करवा समाधान पा सकेंगे। निगम द्वारा संबंधित शिकायतों का समाधान समयबद्ध तरीके से कराया जाएगा।


नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद।

आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि नगर निगम का उद्देश्य शहरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य से यह हेल्पलाइन नंबर शुरू किया गया है, ताकि लोग निगम कार्यालयों के चक्कर लगाए बिना फोन के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकें।

नागरिक अपनी समस्या संबंधित फोटो लोकेशन सहित हेल्पलाइन नंबर पर व्हाट्सएप करके भी समाधान करवा सकते हैं। प्राप्त शिकायतों को संबंधित शाखाओं तक पहुंचाकर प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा।

महाबीर ने कहा कि कई बार लोग छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर परेशान होते हैं, लेकिन शिकायत दर्ज कराने के लिए उचित माध्यम न होने से दिक्कत आती है। अब हेल्पलाइन नंबर जारी होने से आमजन सीधे निगम प्रशासन से जुड़ सकेंगे और समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी।

हेल्पलाइन नंबर पर आई हर शिकायत का रिकॉर्ड रखा जाएंगे। कचरा उठान व सफाई संबंधी समस्याओं का समाधान 24 घंटे के भीतर होगा। हेल्पलाइन के शुरू होने से लोगों को त्वरित राहत मिलेगी और नगर निगम सेवाओं की मॉनिटरिंग भी पहले से अधिक बेहतर हो सकेगी।

## मेयर ने किया निगम कार्यालय का औचक निरीक्षण

■ वाटर कूलर ठीक करवाने, आम जन को बेहतर सुविधा देने के दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**


यमुनानगर। नगर निगम कार्यालय का निरीक्षण करतीं मेयर सुमन बहमनी।

नगर निगम मेयर सुमन बहमनी सोमवार को पार्षदों के साथ नगर निगम कार्यालय जगाधरी में निरीक्षण किया। मेयर के अचानक कार्यालय पहुंचने सहायक अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज, सहित अन्य कर्मचारी व अधिकारी मौके पर पहुंचे।

निरीक्षण के दौरान मेयर के कार्यालय में स्थित आमजन के लिए शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था जांची। वहां पर लगे वाटर कूलर की जांच की। वाटर कूलर में पानी न आने की वजह से उन्होंने अधिकारियों को तत्काल वाटर कूलर की सर्विस व सफाई कराकर शीतल पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कहा कि भीषण गर्मी में कार्यालय में कर्मचारियों और कार्यालय आने वाले लोगों के लिए स्वच्छ व ठंडा पेयजल उपलब्ध करवाना उनका दायित्व है। मेयर ने अधिकारियों को केवल जगाधरी कार्यालय ही नहीं, बल्कि नगर निगम के तीनों कार्यालयों में पेयजल व्यवस्थाओं की जांच कर उन्हें बेहतर बनाने के निर्देश दिए। साथ ही शौचालयों, वाटर टैंकों और पानी की टंकियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा। मेयर ने कार्यालय परिसर में दीवारों पर बिखरी और ढीली बिजली की तारों को व्यवस्थित करने, पार्क की घास कटिंग कराने, बैंच और कनौपी की मरम्मतए पौधों की छंटाई तथा बेकार पड़े सामान को स्टोर में भिजवाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि निगम कार्यालय आमजन की सुविधा के केंद्र हैं, इसलिए यहां हर मूलभूत सुविधा बेहतर होनी चाहिए।

### जीवन एक यात्रा है जो एक दिन समाप्त जरूर होगी : शर्मा

**रादौर।** सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया के तत्वावधान में सोमवार को जन्म व मृत्यु सत्य, सेवाभावी जीवन परम कर्म धर्म विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दी सत्यार्थ संवाद लाइव सेशन शो चतुर्थ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग इवेंट के माध्यम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता की अध्यक्षता सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया के मुख्य संरक्षक सुशील भाटिया चंडीगढ़ ने की। उन्होंने जन्म व मृत्यु सृष्टि का अटल सत्य नियम एवं कर्मों के परिणाम पर उद्बोधन दिया। सत्यार्थ संवाद को मुख्य अतिथि के रूप में नेपाल देश के सुप्रसिद्ध स्वदेश फाउंडेशन के चेयरमैन एवं नेपाल नेशनल रेडियो से सीनियर जर्नलिस्ट रिटायर्ड किशोर शर्मा सेडाई ने कहा कि जीवन एक यात्रा है जो एक ना एक दिन समाप्त भी जरूर होगी। उन्होंने कहा विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों अनुसार औसतन हर 50 सैकड़ में एक आत्महत्या की घटना घटित हो रही है, क्योंकि आज जन्म के महत्व, लक्ष्य, उद्देश्यों की शिक्षा नहीं दी जा रही है जो चिंताजनक विषय है और इसके लिए प्रेरक कहानियों, कविताओं, रचनाओं, गीत संगीत भजन, सत्यार्थ ग्रुप आफ इंडिया के सत्यार्थ संवाद जैसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।


यमुनानगर। रादौर में प्रधान संदीप सैनी को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### समाजसेवा में उत्कृष्ठ कार्य करने पर संदीप सैनी को पगड़ी पहनाकर किया सम्मानित

**रादौर।** सैनी होम्यो इंटरप्राइजेज आरोग्य धर्मात होम्योपैथिक चिकित्सा केंद्र द्वारा सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी को समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ठ योगदान देने पर पगडी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. सोनू कुमार सैनी ने कहा कि रादौर सैनी सभा के प्रधान संदीप सैनी वर्षो से समाजसेवा के क्षेत्र में जुड़े हुए है। उन्होंने समाजसेवा की कई संस्थाओं के साथ मिलकर लोगों को एक करने का काम किया है। प्रधान संदीन सैनी ने कहा कि समाज के लोगों की ओर से उनको जो पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया है। वह उस पगड़ी का सम्मान कम नहीं होने देंगे। समाजसेवा का क्षेत्र सभी के लिए खुला हुआ है। जो भी समाजसेवा करना चाहता है। वह बिना स्वार्थ के समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता करने का प्रयास करे। उन्होंने समाज के लोगों का अपने सम्मान के लिए हार्दिक आभार प्रकट किया है। इस अवसर पर यशपाल सैनी, मुकेश सैनी, अभय सैनी, नेत्रपाल सैनी व हर्ष सैनी मौजूद रहे।

### एक्शन में नगर निगम व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

# सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने व खुले में गंदगी डालने वालों पर मारा छापा, चार के चालान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

नगर निगम द्वारा शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष अभियान चलाए जा रहे है। सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने व खुले में गंदगी डालने वालों के खिलाफ नगर निगम लगातार कार्रवाई कर रहा है। सोमवार को नगर निगम व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीम ने जगाधरी सिविल लाइन व अंबाला रोड पर सिंगल यूज प्लास्टिक को बेचने व खुले में गंदगी डालने पर बेकरी के थोक विक्रेता समेत चार दुकानदारों के चालान किए।

छापेमारी के दौरान बेकरी के थोक विक्रेत के पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलिथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक बरामद किया गया। जिस पर टीम ने उसका 25 हजार रुपये का

सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वाले चार दुकानदारों का निगम ने किया 25 हजार का चालान

चालान किया गया। हालांकि इस दौरान बेकरी के थोक विक्रेत ने टीम का विरोध किया, लेकिन विरोध के बावजूद संयुक्त टीम ने सख्त कार्रवाई की। यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार के मार्गदर्शन में मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह के नेतृत्व में सफाई निरीक्षक अमित कांबोज व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एसडीओ राकिब हुसैन की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

खुले में गंदगी डालने व सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर जोन एक में मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह व जोन 2 में मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल के नेतृत्व में टीमें गठित की गई है। सोमवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एसडीओ राकिब हुसैन, सफाई निरीक्षक अमित कांबो, सचिन कांबोज, पंकज व होमगार्ड के जवानों की टीम ने सिविल लाइन पर बेकरी के थोक विक्रेता की दुकान पर छापेमारी की। छापेमारी में दुकान से काफी मात्रा में पॉलिथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक बरामद किया गया। जिसे टीम द्वारा जब्त किया गया।


यमुनानगर। कार्रवाई करती नगर निगम व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम।

मौके पर टीम द्वारा दुकानदार का 25 हजार रुपये का चालान किया गया। इस दौरान दुकानदार ने इसका विरोध कियाए लेकिन टीम द्वारा सख्ती से कार्रवाई की गई। इसके बाद संयुक्त टीम ने अंबाला रोड पर दो दुकानों से प्रतिबंधित पॉलिथीन मिला। दोनों दुकानदारों के भी चालान किए गए। अंबाला रोड पर ही एक दुकानदार द्वारा खुले में गंदगी डालने पर भी निगम द्वारा उसका चालान किया गया।

**आगे भी जारी रहेगी निगम की कार्रवाई**

मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह ने कहा कि पॉलिथीन समेत 19 प्रकार की प्लास्टिक आइटम पर प्रतिबंध है। इन्हें बेचने वालों पर नगर निगम कार्रवाई कर रहा है। भविष्य में भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। सभी पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# अधिकारी ने सुनीं समस्याएं, समाधान के दिए निर्देश

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समय समय पर करते हैं शिविरों की समीक्षा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

उपमंडल व्यासपुर में सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता उपमंडल अधिकारी जसपाल सिंह गिल ने की। शिविर में अधिकारी ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। शिविर के दौरान एसडीएम ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक सप्ताह सोमवार और वीरवार को समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में विभिन्न


यमुनानगर। शिविर में समस्याएं सुनते उपमंडल अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

विभागों से जुड़ी जन समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जाता है। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पुलिस विभागए पंचायती राज संस्थाएं और अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों को इन शिविरों में लाया जा सकता है। जो समस्याएं तत्काल हल हो सकती हैं, उनका तुरंत निवारण कर दिया जाता है और बाकी शिकायतों पर तय समय सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना है। शिविरों में पुलिस, राजस्व, समाज कल्याण आदि जनकल्याण की योजनाएं लागू करने वाले विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं। एसडीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समय-समय पर शिविरों की समीक्षा करते हैं। उनके द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि तय समय सीमा के अंदर समस्याओं का समाधान किया जाए। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं से जुड़ी बाधाओं को दूर करना और जनता की शिकायतों का मौके पर ही निपटान करना है। उन्होंने उपमंडल वासियों से अपील की है कि वे समस्या के समाधान के लिए उक्त निर्धारित दिनों में शिविर में पहुंचकर समस्याओं का समाधान करवाएं। सोमवार को आयोजित शिविर में परिवार पहचान पत्र, बिजली, राशन कार्ड, पंचायती राज विभाग तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं आदि से संबंधित 3 शिकायतें प्राप्त हुई। मौके पर उनके साथ नायब तहसीलदार रविंद्र कुमार, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के जेई रिंकल, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. अजय कुमार, पब्लिक हेल्थ से जयपाल, पशुपालन एवं डेयरी विभाग से प्रदीप, सहायक अधीक्षक राजस्व हिमांशु गौड सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मंडियों में बिकने के लिए पहुंचा 287384.52 मीट्रिक टन गेहूं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

गेहूं का सीजन अपने अंतिम दौर पर है। अभी तक जिले की अनाज मंडियों में 287384.52 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। जिसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 79489 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 135525 मीट्रिक टन गेहूं व हरियाणा वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन द्वारा 43626 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि जिला की अनाज मंडियों में गेहूं की सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद निर्धारित मानदंडों के अनुसार सुचारू रूप से प्रदेश सरकार द्वारा एमएसपी 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है। चालू रबी सीजन के दौरान 26


जिला उपायुक्त प्रीति

अप्रैल तक जिला की अनाज मंडियों में अब तक 287384.52 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है । खरीद एजेंसियों द्वारा कुल 258640 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 79489 मीट्रिक टनए हैफेड द्वारा 135525 मीट्रिक टन गेहूं व हरियाणा वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन 43626 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। जिला उपायुक्त ने बताया कि चालू रबी सीजन में 26 अप्रैल तक जिला की व्यासपुर मंडी में 27848 मीट्रिक टन, छछरौली अनाज मंडी में 31451 मीट्रिक टन, गुमथला राव अनाज मंडी में 5833 मीट्रिक टन गेहूं, जगाधरी अनाज मंडी में 39995 मीट्रिक टन गेहूं, जठलाना अनाज मंडी में 4178 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। इसके साथ ही खारवन अनाज मंडी में 4411 मीट्रिक टन गेहूं, प्रतापनगर अनाज मंडी में 32870 मीट्रिक टन, सरस्वती नगर अनाज मंडी में 39038 मीट्रिक टन, रादौर अनाज मंडी में 37555 मीट्रिक टन व साढौरा में 16471 मीट्रिक टन, यमुनानगर अनाज मंडी में 289 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है।

# एमएलएन कॉलेज में बीकॉम अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

एमएलएन कॉलेज रादौर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन वणिज्य विभाग की ओर से बीकॉम अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ. माला शर्मा ने दीप प्रज्वलन करके किया। समारोह के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों व मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मिस्टर एवं मिस फेयरवेल प्रतियोगिता रहीए जिसमें विद्यार्थियों ने अपने


यमुनानगर। रादौर स्थित मुकंदलाल कॉलेज में कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

व्यक्तित्वए प्रतिभा व आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. माला शर्मा ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने जीवन में अनुशासनए परिश्रम व ईमानदारी को अपनाकर सफलता के नए आयाम स्थापित करें। मौके पर डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. चा सिकारी, प्रो. नवीन, प्रो. आशीष भल्ला, प्रो. जेसी. नरवाल, प्रो. सिमरन सहित शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### प्राइवेट स्कूलों ने फिर की जुर्माना माफ करने की अपील

# सीएम के दिया था आश्वासन पर अब तक नहीं बनी बात

### अब तक दो बार मुख्यमंत्री से मुलाकात कर चुका है प्राइवेट स्कूलों का प्रतिनिधिमंडल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर**

हरियाणा में प्राइवेट स्कूलों की सोसायटियों को मुख्यमंत्री के आश्वासन के बावजूद जुर्माने से अभी तक कोई राहत नहीं मिली है। फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के जिला प्रधान मास्टर मलखान सिंह लालछप्पर ने बताया कि दि


एसोसिएशन के जिला प्रधान मास्टर मलखान सिंह लालछप्पर।

हरियाणा रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन ऑफ सोसायटी एक्ट 2012 के अनुसार सभी पंजीकृत सोसायटी को रिन्यू कराने के आदेश विभाग द्वारा किये गए थे और उन सोसायटियों से 700 रुपए वार्षिक शुल्क जमा करवाने के लिए 2017 से ऑनलाइन प्रक्रिया की शुरुआत की गई व फीस ऑनलाइन न करने पर 20 रुपए प्रति दिन का जुर्माना निर्धारित कर दिया गया। परन्तु प्रदेश में विभाग ने किसी भी सोसायटी को इसकी कोई सूचना नहीं दी और बिना सूचना दिए वर्ष 2013 से सभी सोसाइटियों पर यह जुर्माना लगा दिया, जबकि ऑनलाइन प्रक्रिया वर्ष 2017 से आरम्भ की गई थी। अब यह जुर्माना बहुत अधिक बन गया है। लेकिन विभाग द्वारा आज तक किसी भी सोसायटी को इसकी कोई सूचना नहीं दी गई। मामले को लेकर प्राइवेट स्कूलों के एक प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने यह जुर्माना माफ करवाने के लिए 17 अक्टूबर 2025 व 29 जनवरी 2026 को दो बार मुख्यमंत्री आवास चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की और जुर्माना माफ करवाने की अपील की थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने यह जुर्माना माफ करने का आश्वासन दिया था। लेकिन 6 माह बीत जाने के बावजूद भी विभाग की ओर से जुर्माना माफी का कोई आधिकारिक पत्र जारी नहीं किया गया है। जिससे प्राइवेट स्कूलों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**आधिकारिक पत्र जारी करने की मांग**

फैडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा मुख्यमंत्री व प्रशासन से अपील करती कि स्कूल सोसायटी पर लगा जुर्माना माफी का आधिकारिक पत्र जल्द से जल्द जारी करें ताकि छह माह से इंतजार कर रही प्रदेश की हजारों स्कूल सोसायटियां बिना लेट फीस के समय पर वार्षिक शुल्क जमा करवा सकें।

## खबर संक्षेप



### जय राम विद्यापीठ में सम्मान समारोह

**कुरुक्षेत्र।** जय राम विद्यापीठ में मानव मित्र मंडल द्वारा आयोजित छात्र प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह आज बड़े ही गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। मानव मित्र मंडल कुरुक्षेत्र के प्रबंधक समिति डॉ. भारतेन्दु शर्मा, डॉ. नरेश सैनी, मोहन लाल शर्मा एवं श्री मेहता डॉ सुरजीत सिंह वरिष्ठ शिक्षा अधिकारी पैनोरमासाइंस सेंटर कुरुक्षेत्र सहित सैंकड़ो छात्रो अभिवावकों और गणमान्य लोगो की उपस्थिति में कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. अंशुल मंगला संचालक मंगला हॉस्पिटल और मुख्य अतिथि हरियाणा पुलिस अकादमी, कुरुक्षेत्र के कर कमलो से मानवता की सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए जन सेवा अवार्ड से गुरप्रीत सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया।

### माता की चौकी में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**कुरुक्षेत्र।** न्यू कालोनी स्थित सनातन धर्म मंदिर के पास राधा कृष्ण महिला मंडल की ओर से माता की चौकी एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया। सर्व प्रथम पंडित अंकित शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत नवग्रह पूजन-अर्चन संपन्न कराया। इस मौके पर गोशाला बाजार से पधारे माता की चौकी में ओम भाई सुभाष भाई एंड पार्टी द्वारा महामाई का गुणगान किया गया। जाने-माने भजन गायकों ने एक के बाद एक माता की भेंटें पेश कर उपस्थित जनसमूह को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### शिव महापुराण में सुनाया माता सती जन्म प्रसंग

**थानेसर।** अमीन रोड स्थित पटियाला बैंक कॉलोनी के मनोकामना सिद्ध श्री शिव मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में करवाई जा रही श्री शिव महापुराण कथा में कथाव्यास आचार्य रमेश उनियाल हरिद्वार ने माता सती जन्म और हरि हर की जल क्रीड़ा उप प्रसंग भजनों सहित विस्तार से सुनाया। कथा में पुजारी पंडित उमेश पाठक ने सुबह यजमानों से शिव पूजन करवाकर कथा सहयोगियों का सम्मान किया।

### फिल्म 48 कोस 2 का भव्य ट्रेलर लॉन्च

**कुरुक्षेत्र।** यशबाबू एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित फिल्म 48 कोस सिनेमाघरों में 8 जुलाई 2022 को रिलीज हुई थी. उस फिल्म मे पंकज बेरी, अनिल धवन, अरुण बक्शी जैसे कलाकार थे जो सुपरहिट हुई थी. उस फिल्म का पोस्टर उस समय के हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने लॉन्च किया था। अब लेखक, निमार्ता, निर्देशक राजिंदर वर्मा यशबाबू ने अपनी सफल फिल्म का सीक्वल 48 कोस 2 बनाया है। इस पार्ट 2 फिल्म का पहला पोस्टर पूज्य स्वामी ज्ञानानंद महाराज के पावन सानिध्य में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 24 अगस्त 2025 को जारी किया था।

## विश्व नृत्य दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय कथक नृत्य प्रतियोगिता

# नृत्य आत्मा की अभिव्यक्ति व संस्कृति का दर्पण : चौधरी

*46 प्रतिभागियों ने प्रस्तुतियों से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। विशिष्ट अतिथि जय भगवान सिंगला का स्वागत करते आयोजक।

विश्व नृत्य दिवस के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में संगीत एवं नृत्य विभाग तथा सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र, कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में विभाग के सभागार में राज्य स्तरीय कथक नृत्य प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर ए.आर. चौधरी मुख्य अतिथि तथा प्रसिद्ध साहित्यकार एवं समाजसेवी जय भगवान सिंगला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक शर्मा द्वारा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, निर्णायक मंडल के सदस्यों एवं प्रतिभागियों के स्वागत के साथ हुआ। विद्या की देवी सरस्वती एवं नटराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर आयोजन का विधिवत उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर ए.आर. चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय में पहली बार राज्य स्तरीय कथक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिससे प्रदेश भर के नवोदित कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिला है। उन्होंने कहा कि नृत्य आत्मा की अभिव्यक्ति एवं संस्कृति का दर्पण है और इस प्रकार के आयोजन भारतीय सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विशिष्ट अतिथि जय भगवान सिंगला ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपरा को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में वृंदावन से आए प्रतिष्ठित कथक नर्तक आशीष, ओडिसी नृत्यांगना सुश्री मृतिका धर तथा ताल विशेषज्ञ डॉ. ज्ञान सागर सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरूआत सुश्री सपना की आकर्षक कथक प्रस्तुति से हुई, जिसके बाद ए, बी और सी समूहों की प्रतियोगिताएं आरंभ हुईं।

### ये रहे विजेता

प्रतियोगिता में कुल 46 प्रतिभागियों ने भाग लिया। नन्हे-मुन्ने कलाकारों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ए समूह के विजेताओं को संस्कार भारती के अध्यक्ष आशीष सभरवाल द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। ए ग्रुप में काव्या ने प्रथम, सान्वी ने द्वितीय तथा शुभांगी जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बी ग्रुप में काम्या गुप्ता ने प्रथम, अवेरा विनय अवतारे ने द्वितीय तथा कैरिसा ओम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सी ग्रुप में अमेया ठाकुर ने प्रथम, मायरा बावा ने द्वितीय तथा कनिष्क ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस आयोजन को सफल बनाने में कथक आचार्या डॉ. पूजा चौधरी, सुश्री संजना रानी एवं उनकी वॉलिंटियर टीम का विशेष योगदान रहा। तबले पर अरविन्द भट्ट, हारमोनियम व गायन में शोध छात्र परितोष प्रजापति तथा विद्यार्थी हिमांशु जांगिर ने संगत दी, जबकि पढंत का दायित्व डॉ. पूजा चौधरी ने निभाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पुरुषोत्तम कुमार ने प्रभावी ढंग से किया। इस अवसर पर प्रो. शुचिस्मिता, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. आरती श्योकंद, डॉ. हरविंदर सिंह, डॉ. दीपक शर्मा, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. अरूप चटर्जी, डॉ. सीमा जौहरी, सुरेंद्र कुमार, सतीश शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, छात्र एवं दर्शक उपस्थित रहे।

### कुवि ने घोषित किए 36 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परीक्षा शाखा द्वारा 36 परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि घोषित परिणामों में मई 2025 में आयोजित बी.टेक चतुर्थ सेमेस्टर (ऑटोमेशन एंड रोबोटिक्स), बीएफएडी प्रथम/द्वितीय/पांचवां सेमेस्टर तथा दिसंबर 2025 में आयोजित बी.वोक इंटीरियर डिजाइन प्रथम सेमेस्टर, एलएल.बी (प्रोफेशनल) तृतीय सेमेस्टर, बी.एड पार्ट-1 (री-अपीयर) आईटीटीआर, एम.लिब प्रथम सेमेस्टर, बीएफएडी (प्रथम/द्वितीय/पांचवां सेमेस्टर), पीजी डिप्लोमा इन गाइडेंस, काउंसलिंग एंड साइकोथेरेपी, एम.ए. (मनोविज्ञान) तृतीय सेमेस्टर, एम.फार्मेसी प्रथम सेमेस्टर एम.कॉम तृतीय सेमेस्टर, एम.ए. प्रथम सेमेस्टर, एम.एससी (5 वर्षीय) इंजीनियरिंग फिजिक्स पांचवां सेमेस्टर, बी.ए. एलएल.बी (ऑनर्स) नवां सेमेस्टर, एम.ए. (राजनीति विज्ञान) चतुर्थ सेमेस्टर (सीबीसीएस/नॉन-सीबीसीएस) आदि परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए है।

## कुवि के धरोहर हरियाणा संग्रहालय के 20वें स्थापना दिवस के अवसर पर हवन

# धरोहर संग्रहालय युवा पीढ़ी को विरासत से जोड़ताः प्रो. सोमनाथ



कुरुक्षेत्र। हवन यज्ञ में आहुति डालते यजमान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के धरोहर हरियाणा संग्रहालय के 20वें स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को हवन यज्ञ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यातिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने हवन यज्ञ में आहुति डाली। इस मौके पर कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि धरोहर हरियाणा संग्रहालय हरियाणा ही नहीं अपितु पूरे भारत का एकमात्र ऐसा संग्रहालय है जिसके माध्यम से हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाया गया है। यह युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का एक माध्यम है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय देश का एकमात्र ऐसा विश्वविद्यालय है जिसने अपनी संस्कृति को संरक्षित करने के लिए धरोहर जैसे संग्रहालय को स्थापित किया। यह एक ऐसा अद्भुत संग्रहालय है जिसमें पूरे हरियाणा की संस्कृति के दर्शन किए जा सकते हैं।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर कार्यक्रम के डॉ. ममता सचदेवा, विशिष्ट अतिथि कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार, डीन ऑफ कालेजिज प्रो. ब्रजेश साहनी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए.आर. चौधरी, प्रो. एसके चहल, प्रो. संजीव अग्रवाल, प्रो. डी.एस.राणा, प्रो. प्रीति जैन, प्रो. सुनीता सिरोहा, प्रो. कृष्णा देवी, प्रो. नीरा राघव, प्रो. रीटा, प्रो. विवेक चावला, प्रो. परमेश कुमार, प्रो. कुसुम लता, मुख्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. आनंद कुमार, उप-निदेशक डॉ. सलोनी दिवान, डॉ. प्रीतम सिंह, कुटा प्रधान डॉ. जितेन्द्र खटकड़, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, प्रो. हितेन्द्र त्योगी, प्रो. दीपक राय बब्बर, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया आदि मौजूद रहे।

# गोमाता को 'राष्ट्र माता' घोषित किए जाने की मांग

*गोसम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत गोसेवकों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। एसडीएम अमन कुमार को ज्ञापन सौंपते गो सेवक।

गोसम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत देश भर में किए जा रहे प्रदर्शन के तहत जिला के गो- सेवकों ने एसडीएम अमन कुमार को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। एसडीएम अमन कुमार ने कहा कि गो भक्तों द्वारा जो ज्ञापन/मांग पत्र उन्हें सौंपा गया है, उसे उचित माध्यम द्वारा सरकार तक भिजवा दिया जाएगा। उन्होंने गो भक्तों को आश्वासन दिया कि सरकार गो रक्षा के प्रति समर्पित है और गाय माता के सम्मान में जो भी कार्य सरकारी स्तर पर करने हैं, उनके प्रति आगे भी सरकार कटिबद्ध है व सरकार इसे मुख्य रूप से पूर्ण करवाने के लिए प्रयासरत है। यह उल्लेखनीय है कि आज संपूर्ण राष्ट्र के जिला मुख्यालयों पर गो सम्मान आह्वान अभियान' के तहत भारी संख्या में गो भक्तों, गो प्रेमियों, गोशाला संचालकों और आम जनमानस ने एकत्रित होकर गो माता, राष्ट्र माता, गाय माता को राष्ट्र माता घोषित करो नारों के बीच पैदल मार्च करते हुए नव सचिवालय भवन में एसडीएम अमन कुमार को मांग पत्र सौंपा। इस मांग पत्र में मुख्य रूप से भारत में गो हत्या पूर्णतः बंद हो, गो माता को 'राष्ट्र माता' घोषित किया जाए, गो सेवा हेतु केंद्रीय कानून बनाया जाए, गो सेवा के लिए केंद्रीय मंत्रालय का गठन हो, गोचर बोर्ड बनाया जाए, चारा सुरक्षा नीति तय की जाएगोबर से निर्मित उत्पादों के निर्माण और विपणन के बारे में नीति निर्माण मांगे मुख्य रूप से शामिल हैं।



### 20 लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन कराया

**कुरुक्षेत्र।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन ने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत थानेसर हल्का के 20 मरीजों को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज भेज मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन कराया गया। सांसद नवीन जिन्दल की यह पहल क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय कदम है, जिसके माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क उपचार का लाभ मिल रहा है। इस अभियान के तहत मरीजों को न केवल ऑपरेशन की सुविधा दी जा रही है, बल्कि उनके अग्रोहा में रात्रि ठहराव, आवागमन, देखभाल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जा रही हैं।

# स्वच्छता की आड़ में कचरा जलाने से प्रदूषण का खतरा

*ग्रीन अर्थ संगठन ने प्रशासन से की सख्त कार्रवाई की मांग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



स्वच्छ सर्वेक्षण की संभावित टीम के दौरे से पहले शहर को साफ-सुथरा दिखाने की जल्दबाजी में सफाई व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि नगर में सफाई कर्मी कचरे का वैज्ञानिक निपटान करने के बजाय उसे खुलेआम आग के हवाले कर रहे हैं, जिससे वातावरण में प्रदूषण तेजी से फैल रहा है और आम लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई स्थानों पर सुबह-शाम कचरा जलाने की घटनाएं देखी जा रही हैं, जिससे जहरीला धुआं पूरे क्षेत्र में फैल रहा है। यह न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि बच्चों, बुजुर्गों और सांस के मरीजों के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, कचरा जलाने से निकलने वाली विषैली गैसें फेफड़ों और हृदय पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। ग्रीन अर्थ संगठन के निदेशक डॉ. नरेश भारद्वाज ने इस पूरे मामले पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि यह सीधा-सीधा नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेशों की अवहेलना है। उन्होंने बताया कि संगठन की ओर से उपायुक्त कुरुक्षेत्र को शिकायत भेजकर तत्काल प्रभाव से इस पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि शहर की सफाई के नाम पर इस तरह के खतरनाक और गैरकानूनी तरीकों पर तुरंत रोक लगाई जाए।



### छात्राओं को कौशल और आत्मविश्वास से सशक्त बनाने का दिया जा रहा प्रशिक्षण

**कुरुक्षेत्र।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन एवं इंस्ट्रको के संयुक्त तत्वावधान में गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, थानेसर में एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना तथा उन्हें दैनिक जीवन में उपयोगी कौशलों से सशक्त बनाना रहा। सत्र में छात्राओं ने पूरे उत्साह और रुचि के साथ भाग लिया। इस अवसर पर इंस्ट्रको की शिवानी ने छात्राओं को शिष्टाचार संबंधित महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया। उन्होंने रोचक कहानियों के माध्यम से छात्राओं को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया, जिससे छात्राओं ने न केवल विषय को समझा बल्कि उसे आत्मसात भी किया। सत्र के दौरान उन्होंने छात्राओं से प्रश्न भी पूछे, जिससे उनकी भागीदारी और अधिक सक्रिय बनी रही। अंत में छात्राओं से फीडबैक भी लिया गया। इस पहल के अंतर्गत छात्राओं को कंप्यूटर ज्ञान, व्यवहार कौशल, संचार कौशल, बैंकिंग की मूलभूत जानकारी, शिक्षा के महत्व, शिष्टाचार, खान-पान और रहन-सहन से संबंधित विविध विषयों पर व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

# हरियाणा के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कर रहे प्रदेश का नाम रोशन : कलसाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहबाद



शाहबाद। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते भाजपा नेता सुभाष कलसाना।

गांव धुराला के खेल स्टेडियम में ग्राम पंचायत धुराला, अजरानी, धुराली और सलपानी द्वारा संयुक्त रूप से रस्साकस्सी टूनामेंट और दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिताओं में भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और इस प्रतियोगिता की शुरूआत खिलाड़ियों का परिचय लेकर और रिबन काटकर की। अजरानी के सरपंच दलबीर, सलपानी के सरपंच जसविंदर सिंह, धुराला के सरपंच सतपाल, धुराली के सरपंच पवन कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सुभाष कलसाना का स्वागत किया। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए सुभाष कलसाना ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए इस तरह के आयोजन बेहद जरूरी हैं। खिलाड़ियों के जोश और खेल भावना की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि खेलों के प्रति युवाओं का रुझान बड़ा है और अब युवा खेलों में भी अपना भविष्य तलाश रहे हैं। सुभाष कलसाना ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार की खेल नीतियां खिलाड़ियों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रही हैं औरसरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं और प्रोत्साहन के कारण आज प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बढ़-चढकर भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया।



पिहोवा। गोचारण राजकीय माध्यमिक स्कूल में कंप्यूटर लैब का उद्घाटन करते सुशांत भारती व अन्य।

### सुशांत भारती ने गोचराण स्कूल में 8 लाख की लागत से बनी कंप्यूटर लैब का किया उद्घाटन

**पिहोवा।** हरियाणा लीगल सेल प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुशांत भारती ने नगरपालिका पिहोवा द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय, गोचारण में करीब 8 लाख रुपये की लागत से निर्मित आधुनिक कंप्यूटर लैब का सोमवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा लीगल सेल के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुशांत भारती मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वार्ड नंबर 1 के पार्षद लाभ सिंह के साथ क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षाविदों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत फीता काटकर किया गया और इसके बाद उपस्थित अतिथियों ने कंप्यूटर लैब का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की सराहना की। इस अवसर पर सुशांत भारती ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। आज के डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा अत्यंत आवश्यक हो गई है। ऐसे में इस प्रकार की सुविधाएं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी शहरों के बराबर अवसर प्रदान करेंगी। कार्यक्रम में नगरपालिका के चेयरमैन आशीष चक्रपाणी ने बताया कि यह कंप्यूटर लैब विद्यार्थियों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा।

### ग्रामीण जलघरों को ग्राम पंचायत के अधीन करने के विरोध में कर्मचारी करेंगे रोष प्रदर्शन : अमरीक सिंह

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन नंबर 681 मुख्यालय करनाल जिला कार्यकारिणी एवं संबंधित शाखाओं के पदाधिकारियों की मीटिंग जिला प्रधान रामनिवास शर्मा की अध्यक्षता में मोहन नगर स्थित जिला यूनियन कार्यालय में संपन्न हुई। मीटिंग का संचालन जिला सचिव जगदीप सिंह ने किया। मीटिंग में विशेष तौर पर प्रांतीय महासचिव अमरीक सिंह चट्ठा उपस्थित रहे। मीटिंग जिला कार्यकारिणी व शाखा कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी साथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया सभी शाखाओं के प्रधान सचिवों मीटिंग में एजेंडा के अनुरूप अपने विचार व्यक्त किए। अमरीक सिंह चट्ठा ने कहा कि हरियाणा सरकार निरंतर कर्मचारी विरोधी नीतियां लागू कर रही है जिसका संगठन खुलकर विरोध करता है। सरकार द्वारा ग्रामीण जलघरों को ग्राम पंचायत के अधीन करने के विरोध में उच्च अधिकार प्राप्त कमेटी द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार अधीक्षक अभियंता कार्यालय कैथल पर रोष प्रदर्शन करके 18 मई को कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन अधीक्षक अभियंता के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार को भेजा जाएगा। उपस्थित सभी पदाधिकारी से अपील करते हुए कहा कि 18 मई को जिला कुरुक्षेत्र से सभी कर्मचारी अधीक्षक अभियंता कार्यालय कैथल पहुंचकर ज्ञापन कार्यक्रम को सफल बनाने का काम करें।




## कार्यक्रम — जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल प्राचार्यों को विशेष अभियान चलाने के दिए निर्देश

# जिले में स्कूलों में नामांकन और विज्ञान गतिविधियों पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र





कुरुक्षेत्र। शिक्षकों को संबोधित करते जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक और बैठक में मौजूद शिक्षक।

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र के केशव सदन में जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक की अध्यक्षता में जिले के सभी विद्यालय प्राचार्यों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 की कार्ययोजना तथा विभागीय प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने प्राचार्यों को संबोधित करते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि विद्यार्थी नामांकन बढ़ाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिले के 25 ऐसे विद्यालयों की समीक्षा की गई, जिनका नामांकन कम हुआ है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्यालय अपने क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर नामांकन वृद्धि एवं विद्यार्थियों के ठहराव को सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. तरसेम कौशिक ने नवीन शैक्षणिक सत्र में विज्ञान से संबंधित गतिविधियों पर विस्तार से जानकारी दी।

### ये दिए निर्देश

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, जिला स्तरीय विज्ञान निबंध, विज्ञान क्विज, विज्ञान ड्रामा एवं विज्ञान सेमिनार जैसी गतिविधियों के अंतर्गत 15 जुलाई से 15 अगस्त तक विद्यालय स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाएं, ताकि जिला स्तर पर उत्कृष्ट विद्यार्थियों का चयन किया जा सके। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने सभी विद्यालयों में एचपीवी टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अभिभावक-शिक्षक बैठकों का आयोजन अनिवार्य किया। साथ ही निर्देश दिए गए कि इसकी ब्लॉक स्तर पर समेकित रिपोर्ट समयबद्ध रूपप्रस्तुत की जाए। इसके अतिरिक्त आतमन एप पर 100% पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए तथा प्रत्येक विद्यालय से दो नोडल अधिकारियों की नियुक्ति अनिवार्य की गई, जो ऐप पर नियमित डेटा अपलोड एवं निगरानी का कार्य करेंगे। उन्होंने 1 मई 2026 से राष्ट्रीय जनगणना के कार्य को सुचारु रूप से क्रियान्वित करने तथा विद्यालय व्यवस्था में समन्वय बनाए रखने के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी रामराज कौशिक, रमेश कुमार, नीलम सैनी, जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ तरसेम कौशिक, लक्ष्मी प्रसाद शर्मा, रमेश सांगवान, सुमन सांगवान, डॉ. अशोक शर्मा, आनंद शर्मा, जय प्रकाश, राज कपूर, डॉ. सुदेश जांगड़ा, ऋतु गुप्ता, सुनील कौशिक, अश्वनी कौशिक, माया देवी, डॉ. कृष्ण कुमार, मेहर सिंह, ओम प्रकाश सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## दो दिनों की भूखहड़ताल पर गए कर्मचारी

**अंबाला।** नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर सोमवार को नगर पालिका नारनौल में सफाई कर्मचारियों ने दो दिन की कार्मिक भूख हड़ताल शुरू कर दी। हड़ताल की अध्यक्षता इकाई प्रधान भूपेंद्र सारवान ने की। इस दौरान राज्य कमेटी के पदाधिकारी भी समर्थन में पहुंचे, जिनमें राज्य कैशियर महेंद्र सिंह सगेलिया, सर्व कर्मचारी संघ के राज्य सचिव महेंद्र बोयत और जिला प्रधान कौशल यादव शामिल रहे। नेताओं ने बताया कि नारनौल इकाई से 10 सफाई कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठे हैं। इनमें राहुल सारवान, जोगिंदर सिंह, मनोज कुमार, प्रदीप कुमार, सोनू, रानी देवी, उषा देवी, सावित्री देवी, नीलम देवी और मंजू देवी शामिल हैं। चेतावनी दी गई कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

## समारोह में एमकॉम छात्रों को दी भावभीनी विदाई

**शहजादपुर।** महाविद्यालय में प्राचार्य रोहित कुमार की अध्यक्षता में एवं कार्यक्रम की कन्वीनर प्रो. रेनू कुमारी के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग द्वारा एमकॉम प्रीवियस के विद्यार्थियों की ओर से एम कॉम फ़ाइनल के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के सभागार में हर्षोल्लास एवं भावनात्मक वातावरण के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि वे महाविद्यालय का नाम रोशन करें।

## योग एंड मेडिटेशन विषय पर हुआ विशेष सत्र

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा एवं समाजशास्त्र विभाग, स्पोर्ट्स कमेटी तथा योग क्लब के संयुक्त तत्त्वावधान में 'योग एंड मेडिटेशन' विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को योग एवं ध्यान के महत्व से अवगत कराना तथा उनके पारस्परिक संबंधों की व्यावहारिक समझ विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने सहभागिता की। शारीरिक शिक्षा विभाग की प्राध्यापिका डॉ. प्राची ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार के प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास करवाया। उन्होंने योग के माध्यम से मानसिक एकाग्रता, तनाव मुक्ति तथा शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित किया।

## दस हजार रुपये की नकदी चोरी, केस दर्ज

**जींद।** गांव रधाना में बीती रात चोरों ने एक मकान से दस हजार रुपये की राशि को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक युवक के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव रधाना निवासी मनदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अलमारी मे दस हजार रुपये की राशि रखी हुई। जो चोरी हो गई। मनदीप ने आरोप लगाया कि गांव के ही राहुल ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

### नोमिनेशन रद्द होने पर रोया भाजपा का बागी उम्मीदवार

# कांग्रेस प्रत्याशी सजायाफ्ता का नामांकन पत्र कैंसिल, अब पत्नी लड़ेंगी चुनाव

**पूर्व सदस्य बोला खरीद नहीं पाए तो रद्द करवा दिया नामांकन पत्र, बिजली निगम की एनओसी पर फंसा पेंच**

■ वार्ड 19 में कांग्रेस व आजाद उम्मीदवार के बीच नामांकन पत्र खारिज करवाने को लेकर 40 मिनट तक चली जद्दोजेहद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर निगम चुनाव को लेकर सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच का काम पूरा हो गया। जांच के दौरान कांग्रेस के एक उम्मीदवार का नामांकन पत्र कैंसिल कर दिया गया। भाजपा के एक बागी उम्मीदवार के नामांकन पत्र को भी रद्द किया गया है। उधर वार्ड नंबर 19 में कांग्रेस व आजाद उम्मीदवार के बीच एक दूसरे के नामांकन पत्र खारिज करवाने को लेकर 40 मिनट तक जद्दोजेहद चली। हालांकि बाद में रिटर्निंग अधिकारी विराट ने दोनों को चुनाव लड़ने के लिए अधिकृत कर दिया।





अंबाला। कांग्रेस प्रत्याशी संजीव शर्मा व नामाकन कैंसिल होने के बाद फूट फूटकर रोते हरीश शर्मा व नामांकन पत्रों की जांच का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

### एनओसी पर फंसा पेंच

नामांकन पत्रों की जांच के दौरान सोमवार को भाजपा के पूर्व निगम सदस्य हरीश शर्मा का नामांकन पत्र कैंसिल कर दिया गया। बिजली निगम की एनओसी को लेकर उनके नामांकन में पेंच फंसा। अधिकारियों का तर्क है कि शर्मा ने अपनी बजाय किसी अन्य रिहायशी भवन में लगे बिजली मीटर की एनओसी नामांकन पत्र के साथ अटैच की थी। हालांकि हरीश शर्मा ने काफी देर तक अधिकारियों को समझाने के प्रयास किए। उनका कहना था कि उनके नाम पर कोई रिहायशी भवन नहीं है। फिर भी उनकी ओर से एक एनओसी उपलब्ध करवाई गई है। मगर अधिकारियों ने उसकी सुने बिना ही उनका नामांकन पत्र कैंसिल कर दिया। इसके बाद मीडिया के सामने हरीश शर्मा फूट फूटकर रोए।

### सरकार ने बनाया दबाव

शर्मा ने बताया कि लगातार दो-तीन दिनों तक रात के समय उनके घर के बाहर कारें आती रहीं। उन्होंने कहा कि उनके घर के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, जिनकी जांच कराई जा सकती है। उनका आरोप है कि सरकार की ओर से उन पर लगातार दबाव बनाया जा रहा था। एक दिन पहले बिजली निगम के कर्मचारी उनके घर पहुंचे और मीटर व तारों की जांच करने लगे। पूछने पर बताया गया कि सूचना मिली है कि यहां बिजली चोरी हो रही है, जबकि जांच में ऐसा कुछ नहीं मिला। हरीश के मुताबिक, उन्होंने नियमों के अनुसार नामांकन से पहले 5 विभागों से नो ड्यूज सर्टिफिकेट लिया था। उनके या परिवार के किसी सदस्य पर कोई बकाया नहीं है और उनके नाम कोई बिजली मीटर भी नहीं है।

### सजा के चलते नामांकन रद्द

कांग्रेस के वार्ड-3 से प्रत्याशी संजीव शर्मा का नामांकन पत्र भी कैंसिल कर दिया गया। एनडीपीएस एक्ट में 10 साल की सजा के चलते उनका नामांकन पत्र रद्द किया गया है। हालांकि इस सजा को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। वहां मामला पेंडिंग है। उनके स्थान पर कवरिंग कैंडिडेट के रूप में नामांकन दाखिल करने वाली पत्नी प्रियंका शर्मा का पर्चा सही पाया गया, जिसे अब कांग्रेस का अधिकृत उम्मीदवार घोषित किया गया है। संजीव शर्मा का नामांकन पत्र कैंसिल होने के बाद अब उन कांग्रेसी नेताओं की कार्यशैली पर सवाल उठाए जा रहे हैं जिन्होंने संजीव शर्मा को वार्ड नंबर 3 से उम्मीदवार बनाने की सिफारिश की थी। पार्टी के भीतर ही कई नेताओं ने जिलाध्यक्ष की कार्यशैली पर उंगली उठाई है।

### मेयर के तीन व सदस्य के 86 उम्मीदवार मैदान में

निगम चुनाव के मध्यनजर नामांकन पत्रों की जांच का काम पूरा हो गया है। इस मौके पर सामान्य ऑब्जर्वर एवं अम्बाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने भी नामांकन पत्रों की जांच की प्रक्रिया का जायजा लिया। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान नियमों के अनुरूप सही न पाए जाने पर तीन प्रत्याशियों जिनमें वार्ड नंबर 3 से कांग्रेस पार्टी से संजीव शर्मा व वार्ड नंबर 16 से आजाद उम्मीदवार पुष्पिंद्र कुमार उर्फ हरीश शर्मा व विजय कुमार का नामांकन पत्र रद्द किया है। कांग्रेस पार्टी से वार्ड नंबर 3 से कवरिंग उम्मीदवार के तौर पर प्रिंयका शर्मा के नामांकन पत्र को स्वीकार किया गया है। रिटर्निंग अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने बताया कि नगर निगम चुनाव के दृष्टिगत 96 प्रत्याशियों ने पार्षद पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए थे जिनमें से 3 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र सही न पाए।

## गो संरक्षण पर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन पत्र



मुलाना। तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए।

■ गो सम्मान आह्वान अभियान में गऊ माता के सम्मान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

गौ सेवा और संरक्षण को लेकर 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' आयोजित किया गया। जिसमें ग्रामीणों व समाजसेवियों सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के तहत सभी ग्रामीण व समाजसेवक माता बाला सुंदरी मंदिर में एकत्रित हुए जहां से संगठित होकर बाजार से गुजरते हुए सब तहसील मुलाना पंहुचे और नायब तहसीलदार को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गवर्नर और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा । अभियान का उद्देश्य गौमाता के प्रति सम्मान, सेवा और संरक्षण की भावना को समाज में और मजबूत करना है। आयोजकों ने कहा कि "गौ सेवा ही राष्ट्र सेवा है" के संदेश के साथ यह कार्यक्रम समाज में जागरूकता बढ़ाने का कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजनों से लोगों में एकजुटता बढ़ेगी और गौ संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी का भाव मजबूत होगा । उन्होंने ज्ञापन द्वारा गाय को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग भी की । मौके पर गौरव, सरपंच मुलाना प्रवीन कुमार, हरमिंद्र पाल, पूर्व सरपंच नरेश चौहान, नरेंद्र बिलमा, नंदीशाला प्रधान रणजीत सिंह, भूपेंद्र कालड़ा, प्रवीण कपूर, राधेश्याम नंबरदार, करम सिंह गुज्जर, अशोक जैन, मंगल, करण राणा, भूपेन्द्र पिपलानी , भानु राणा , सतनाम, विशाल वालिया व अन्य सामाजिक संगठनों से समाजसेवी मौजूद रहे।

### एसडीएम ने शिविर में सुनी जनसमस्याएं

**शहजादपुर।** शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार सुनील कुमार, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन संजीव गुर्जर, सहायक अधीक्षक अश्वनी शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। एसडीएम ने कहा कि शिविर का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान उपलब्ध कराना है।

## घर से जेवरात व नकदी चोरी का आरोपी काबू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

गांव पतरेहड़ी स्थित घर से सोना के जेवरात, मोबाइल व नकदी चोरी करने के मामले में शहजादपुर पुलिस ने आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान पतरेहड़ी निवासी आशीष कुमार के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया जहां से आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। शिकायतकर्ता जसविंद्र कुमार ने 3 मार्च को दी शिकायत में बताया था कि 2 मार्च को आरोपी आशीष ने उसके घर से सोना-चांदी जेवरात, मोबाइल व 50 हजार की नकदी चोरी कर ली है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी थी।

## कालका से मानव चौक तक भारी वाहनों की आवाजाही बंद

■ ट्रैफिक ज्यादा होने के कारण लोगों को होती है असुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

आरटीए सुशील कुमार ने बताया कि कालका चौक से अंबाला शहर मानव चौक की तरफ जाने वाले भारी वाहनों जैसे टिप्पर इत्यादि के जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह लोगों की सुरक्षा के लिए है। उन्होंने कहा कि अकसर भारी वाहन यहां से निकलते हैं जहां जाम की स्थिति रहती है। दुर्घटना की भी आशंका बन जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि इस मार्ग पर लोकल वाहनों के साथ-साथ अन्य का भी अवागमन रहता है जिससे इस रोड़ पर काफी ट्रैफिक रहता है। इसके साथ-साथ इस मार्ग पर स्कूल व अन्य संस्थान भी हैं जिससे विद्यार्थियों को भी सड़क मार्ग के तहत असुविधा होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कालका चौक से मानव चौक की तरफ भारी वाहन टिप्पर इत्यादि यदि यहां से निकलते पाए गए तो उन्हे तुरंत जब्त करने का काम किया जाएगा। नियमानुसार कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे भारी वाहन निकलने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यदि कहीं पर भी इस विषय को लेकर अवहेलना पाई गई तो तुरंत कार्रवाई लाई जाएगी।

## अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में छात्रा मीनाक्षी को मिला सर्वश्रेष्ठ शोध-पत्र पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रुड़की में आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन विजन 2047: समृद्ध और महान भारत 2.0 में लॉर्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन अधोया की छात्रा मीनाक्षी (बीएड) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया। इस सम्मेलन के दौरान मीनाक्षी ने पर्यावरण अनुकूल भारत विषय पर अपना शोध-पत्र प्रस्तुत किया, जिसे उच्च गुणवत्ता एवं नवाचारपूर्ण विचारों के लिए सर्वश्रेष्ठ शोध-पत्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि ने न केवल कॉलेज बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। वहीं कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने भी एक युवा गतिशील जनसंख्या विषय पर अपना शोध-पत्र प्रस्तुत किया। उनका शोध सम्मेलन के उपविषय युवा गतिशील जनसंख्या और आत्म-खोजः राष्ट्र निर्माण और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के प्रेरक तत्व" पर आधारित रहा, जिसमें उन्होंने युवाओं की भूमिका और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में उनकी भागीदारी पर प्रकाश डाला।



बराड़ा। कार्यक्रम में डॉ रेणु सोहता व छात्रा मीनाक्षी। फोटो : हरिभूमि

### कनाडा निवासी को शैल्बी अस्पताल मोहाली में रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी से मिला नया जीवन



**अंबाला।** लंबे समय से मोबिलिटी के अभाव में व्हीलचेयर पर जिंदगी गुजारने के लिए मजबूर कनाडा के 74 वर्षीय निवासी का शैल्बी अस्पताल मोहाली में रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी ऑपरेशन सफलतापूर्वक हुआ। सर्जरी से मरीज की मोबिलिटी बहाल हुई, जो लगभग तीन वर्षों से दोनों घुटनों में गंभीर ऑस्टियोआर्थराइटिस और गंभीर डिफॉर्मिटी के कारण व्हीलचेयर पर थे।कनाडा में नी रिप्लेसमेंट सर्जरी ऑपरेशन के लिए लंबे इंतजार के बाद मरीज ने शैल्बी अस्पताल, मोहाली से संपर्क किया था।चेयरमैन -ऑर्थो और जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी, शैल्बी अस्पताल मोहाली, डॉ प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि मरीज के दोनों घुटनों में हड्डियों में काफी डिफेक्ट और डिफॉर्मिटी थी, जिससे मामला जटिल हो गया । डिफॉर्मिटी इतनी गंभीर थी कि टिबिया की तरफ रिवीजन इम्प्लांट की जरूरत पड़ी।डॉ अग्रवाल ने बताया कि रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी ऑपरेशन के 24 घंटे के भीतर ही मरीज ने खड़े होकर और सहारे से चलकर उत्साहजनक सुधार दिखाया।डॉ अग्रवाल ने कहा कि रोबोट की सहायता से की जाने वाली नी रिप्लेसमेंट सर्जरी को दुनिया भर में तेजी से अपनाया जा रहा है, क्योंकि यह सर्जिकलप्रिसिशन की सटीकता को बढ़ाती है, रिप्लेसमेंट की स्थिति को अनुकूलित करती है और जटिल मामलों में बेहतर अलाइनमेंट में सहायक होती है।

## छात्रों को विज्ञान भविष्य, मानव आयु वृद्धि की संभावनाओं पर दी जानकारी

■ एमडीएसडी कॉलेज में हुआ वैश्विक आनलाइन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

एमडीएसडी कॉलेज के एनडीएलआई क्लब' ने एक वैश्विक ऑनलाइन कार्यक्रम में प्रिंसिपल डॉ. सीमा सिंघल की अध्यक्षता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम क्लब द्वारा आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का आयोजन एनडीएलआई क्लब एवं व्हील्स ग्लोबल फाउंडेशन के सहयोग से ऑनलाइन माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में विज्ञान के भविष्य, मानव आयु वृद्धि तथा उभरती तकनीकों की संभावनाओं पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर क्लब एमडीएसडी कॉलेज डॉक्टर कौशल चौहान ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए बताया कि कार्यक्रम में किस प्रकार इनरोल करना है, उसे कैसे अटेंड करना है। ई-प्रमाण पत्र कैसे डाउनलोड करना है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए, जिससे विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा गया।

### 15 दिवसीय हरियाणवी लोकनृत्य कार्यशाला शुरू



**बराड़ा।** नॉर्थ जोन कल्चर सेंटर पटियाला के तत्वावधान में शैमफॉर्ड स्कूल का चयन 15 दिवसीय हरियाणवी लोकनृत्य कार्यशाला के लिए किया गया है। यह कार्यशाला 27 अप्रैल 2026 से 11 मई 2026 तक विद्यालय परिसर में आयोजित की जा रही है, जिसमें छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यशाला के प्रशिक्षक बुधराम मट्टू हैं जो एक वरिष्ठ एवं अनुभवी लोकनृत्य प्रशिक्षक हैं। वे अपने मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को हरियाणवी लोकनृत्य की बारीकियां सिखा रहे हैं। उन्हें इस क्षेत्र में लगभग 53 वर्षों का समृद्ध अनुभव प्राप्त है। इस कार्यशाला में विद्यालय की 22 छात्राएं प्रतिभागी के रूप में भाग ले रही हैं, जो पूरे उत्साह और लगन के साथ लोकनृत्य का अभ्यास कर रही हैं। विद्यार्थियों के चेहरे पर सीखने की ललक और सांस्कृतिक जुड़ाव साफ दिखाई दे रहा है। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आधुनिक युग में बच्चों को अपनी पुरातन संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना है, ताकि वे अपनी सांस्कृतिक धरोहर को समझें और उसका सम्मान कर सकें। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, प्रधानाचार्या रुबी शर्मा तथा उप-प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह भी उपस्थित रहे।

### एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी से रूपये निकालने वाला आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करके खाते से रूपये निकालने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। सीआईए-2 की जांच टीम ने बतलाया कि इस मामले के संबंध में शिकायतकर्ता जगीर सिंह ने 18 अक्तूबर 2025 को थाना अम्बाला शहर में दी शिकायत में बताया था कि 14 अक्तूबर 2025 को पंजाब नैशनल बैंक मानव चौक अंबाला शहर से आरोपी ने उसका एटीएम कार्ड धोखे से बदल कर उसके खाते से लगभग 40 हजार की रकम निकाल ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान प्रवीण निवासी नजदीक गैस गोदाम गुलहा रोड पेहवा जिला कुरूक्षेत्र के रूप में हुई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### अब लिपिक पद पर होगा प्रमोशन, हजारों परिवारों को सीधा लाभ

# ग्रुप डी कर्मचारियों का कोटा 20 से बढ़ाकर 30 प्रतिशत

**विधानसभा में प्रस्ताव को मिला व्यापक समर्थन, सामाजिक संतुलन की दिशा में अहम कदम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

विधानसभा के विशेष सत्र में कल एक महत्वपूर्ण और जनहितकारी प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमें ग्रुप डी कर्मचारियों के लिए आरक्षण को 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत कर दिया गया। यह फैसला प्रदेश के हजारों कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए राहत और सम्मान लेकर आया है। लंबे समय से इस मांग को लेकर आवाज उठ रही थी। जिस पर अब सरकार ने सकारात्मक निर्णय लेते हुए मुहर लगा दी है। इस प्रस्ताव के पारित होने के साथ ही सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने के लिए प्रतिबद्ध है। विधानसभा में इस निर्णय को व्यापक समर्थन मिला और इसे सामाजिक संतुलन की दिशा में अहम कदम बताया गया। ग्रुप डी कर्मचारियों को इस बिल के पारित होने के बाद लिपिक पद पर प्रमोट किया जायेगा। इसके लिए कुछ नियम भी बनाए गए है जिनकी पालना करना जरूरी है। हालाकिं निगम के अंदर आने वाले कर्मचारियों को कुछ दिन पहले प्रमोट कर दिया था लेकिन जैसे ही क्लेरिकल बिल ड्राफ्ट तैयार किया गया उसके तुरंत बाद उनके प्रमोट आदेश को स्थगित कर दिया गया था।

### सैनी का नेतृत्व बना निर्णायक

इस ऐतिहासिक फैसले के पीछे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का नेतृत्व अहम माना जा रहा है। उनकी अगुवाई में सरकार ने कर्मचारियों के हितों को प्राथमिकता देते हुए यह बड़ा निर्णय लिया। सरकार के इस कदम को कर्मचारी हितैषी और दूरदर्शी बताया जा रहा है। मुख्यमंत्री सैनी ने पहले भी कई अवसरों पर यह स्पष्ट किया है कि प्रदेश में हर वर्ग को समान अवसर देना उनकी प्राथमिकता है और यह निर्णय उसी दिशा में एक मजबूत कदम है। जैसे ही इस प्रस्ताव के पारित होने की खबर सामने आई तो ग्रुप डी कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। वर्षों से कोटा बढ़ाने की मांग कर रहे कर्मचारियों को अब बड़ी राहत मिली है।

### प्रोबेशन पीरियड के बारे में जाने

सीधी भर्ती वाले कर्मचारी को दो साल की प्रोबेशन पर रखा जाएगा तथा अन्य माध्यम से भर्ती होने पर एक साल की प्रोबेशन होगी। प्रोबेशन के दौरान यदि कर्मचारी का कार्य संतोषजनक नहीं है तो सीधी भर्ती वाले को नौकरी से हटाया जा सकता है तथा अन्य को उनके पुराने पद पर वापस भेजा जा सकता है। प्रोबेशन पूरा होने के बाद यदि कार्य अच्छा है तो कर्मचारी को स्थायी कर दिया जाएगा।

### यह है नया प्रावधान

विधानसभा में पारित इस बिल के अनुसार ग्रुप डी कर्मचारियों के लिए आरक्षण की सीमा को बढ़ाकर 30 प्रतिशत कर दिया गया है। यह संशोधन पूर्व में लागू प्रावधानों में बदलाव करते हुए किया गया है जिससे भर्ती प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता और समान अवसर सुनिश्चित किए जा सकें। इस बदलाव से सरकार का उद्देश्य उन वर्गों को अधिक अवसर देना है जो लंबे समय से रोजगार में हिस्सेदारी बढ़ाने की मांग कर रहे थे।

### लिपिक पद के लिए योग्ताएं

उम्मीदवार के पास बाहरवीं या समकक्ष योग्यता होनी चाहिए तथा मैट्रिक में हिंदी या संस्कृत विषय होना जरूरी है या फिर उच्चतर शिक्षा में हिंदी विषय अनिवार्य माना गया है। इसके साथ ही कंप्यूटर ज्ञान एस.ई.टी.सी. भी आवश्यक है। ग्रुप डी के पद पर पांच साल का अनुभव भी जरूरी किया गया है। लिपिक के रूप में पद ग्रहण करने के बाद वार्षिक वेतनवृद्धि और आगे पदोन्नति लेने के लिए एस.ई.टी.सी. के दोनों भाग उत्तीर्ण करने आवश्यक होंगे।